**प्रेस नोट-11**
**दिनांक 07.05.2026**
**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**
**"ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत थाना मोहनगंज पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 07 किलोग्राम गांजा (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 09 लाख रूपये) के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे "ऑपरेशन चक्रव्यूह" अभियान के तहत दिनांक 07.05.2026 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान 02 अभियुक्तों 1. मुकेश कुमार सिंह उर्फ रामू पुत्र चन्द्रचूण सिंह निवासी ग्राम उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 49 वर्ष, 2.शिवकुमार पुत्र मोहन निवासी ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 55 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से मुकेश कुमार सिंह के कब्जे से 14 पुड़िया अवैध गांजा व शिवकुमार के कब्जे से 12 पुड़िया गांजा बरामद हुआ।

अभियुक्तों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह दोनों गांजा बेचते हैं जिन्हें राजदेव पुत्र रामस्वरूप निवासी ब्रह्मनी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी द्वारा गांजा बेचने के लिये दिया जाता है। आज राजदेव दोनों अभियुक्तों को गांजा देने आने वाला था जिसे गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राजदेव के कब्जे से एक झोले में 03 बंडल में कुल 03 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त राजदेव द्वारा हाल ही में मुकेश और शिवकुमार को 06 किलोग्राम गांजा दिया गया था जिसमें से कुछ गांजा अभियुक्त मुकेश व शिवकुमार द्वारा बेच दिया गया था शेष गांजा भूपसिंह की पुलिया के नीचे से 02 अलग-अलग झोलों में से 04 पैकेट में कुल 04 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। तीनों अभियुक्तों के कब्जे व निशानदेही से कुल 07 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–**

1. मुकेश कुमार सिंह उर्फ रामू पुत्र चन्द्रचूण सिंह निवासी ग्राम उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 49 वर्ष।
2. शिवकुमार पुत्र मोहन निवासी ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 55 वर्ष।
3. राजदेव पुत्र रामस्वरूप निवासी ब्रह्मनी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 54 वर्ष।

**बरामदगी-**

- 07 किलो ग्राम गांजा। (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 09 लाख रुपये।)

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 127/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री राकेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 जगतपाल सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 राम अवतार यादव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. का0 अरूण यादव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. का0 रोहित सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
6. का0 शिवम राठौर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
7. का0 आशीष कुशवाहा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
8. का0 शिवकेश शर्मा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।